Roll No. _______ Code No. PA-035

# FOURTH SEMESTER EXAMINATION 2021-22

## Class - B.A.

## Subject - Hindi Literature

## ¼fgUnh ukVd] ,dkadh ,oa fuca/k½

**Time : 2.30 Hrs.** | **Max. Marks : 80**

**Total No. of Printed Page : 04** | **Mini. Marks : 28**

---

**ukV % iz'u i= rhu [k.Mksa esa foHkDr gSA lHkh rhu [k.Mksa ds iz'u funsZ'kkuqlkj gy dhft,A vadksa dk foHkktu izR;sd [k.M esa fn;k x;k gSA**

---

### [k.M & ^v*

प्र.1 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं बारह प्रश्नों का उत्तर दीजिये – 12x1=12

(i) जयशंकर प्रसाद के दो नाटकों के नाम लिखिए।

(ii) नंद और सुन्दरी नामक पात्र किस नाटक में है ?

(iii) महावीर प्रसाद द्वारा रचित उस रचना का नाम लिखिए जो आपके पाठ्यक्रम में है ?

(iv) दो व्यंग्य निबंधकारों के नाम लिखिए।

(v) क्रोध सभी मनोविकारों से फुर्तीला होता है, किसने कहा ?

(vi) 'बसंत आ गया' किस प्रकार का निबंध है ?

(vii) 'उस अमराई ने राम–राम कही है' के लेखक का नाम लिखिए।

(viii) 'बेईमानी की परत' निबंध किस विषय पर आधारित है ?

(ix) उदय शंकर भट्ट का कौन सा एकांकी आपके पाठ्यक्रम में है ?

(x) 'मोहन और राजनाथ' किस एकांकी के पात्र है ?

(xi) 'औरंगजेब की आखरी रात' किसकी रचना है ?

(xii) टिकट बाबू किस एकांकी का पात्र है ?

(xiii) हबीब तनवीर का सर्वाधिक लोकप्रिय नाटक कौन–सा है ?

(xiv) राहूल सांस्कृत्यायन के बचपन का नाम क्या था ?

(xv) धर्मवीर भारती की दो सुप्रसिद्ध कृतियों के नाम लिखिए।

## [k.M & ^c*

प्र.2 निम्नलिखित लघुउत्तरीय प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों को हल कीजिए। 4x5=20

(i) डॉ. लक्ष्मीनारायण लाल की नाट्यकला की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ii) 'एक दिन' एकांकी की नायिका की चरित्रगत विशेषताएं लिखिए।

(iii) आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार सामाजिक जीवन में क्रोध की क्या उपयोगिता है ?

(iv) व्यंग्य लेखक के रूप में हरिशंकर परसाई का मूल्यांकन कीजिये।

(v) हबीब तनवीर का साहित्यिक परिचय दीजिये।

(vi) ललित निबंधों की प्रमुख विशेषताएं लिखिए।

(vii) राहुल सांस्कृत्यायन का व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालिए ।

## [k.M & ^l*

प्र.3 (क) निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिये – (कोई तीन) 8x3=24

(i) कितना अनुभूतिपूर्ण था वह क्षण का आलिंगन । कितने संतोष से भरा था ! नियति ने अज्ञान भाव से मानो लू से तपी हुई वसुधा को क्षितिज के निर्जन में सायंकालीन शीतल आकाश से मिला दिया हो। जिस वायुविहीन प्रदेश में उखड़ी हुई सांसों पर बंधन हो–अर्गला हो, वहां रहते–रहते यह जीवन असह्य हो गया था । तो भी मरूंगी नहीं । संसार के कुछ दिन विधाता के विधान मे अपने लिये सुरक्षित करा लूंगी।

(ii) लोग कहते हैं कि गौतम बुद्ध ने बोध प्राप्त किया है, कामनाओं को जीता है। पर मैं कहती हूं कि कामनाओं को जीता जाए, यह भी क्या मन की एक कामना नहीं है ? और ऐसी कामना किसी के मन में क्यों जागती है ?

(iii) जो लोग किसी बड़े रोग से पीड़ित है ? व्याकरण और तर्क–शास्त्र के सतताभ्यास से जिनकी सहृदयता नष्ट हो गई है, अतएव सुकवियों की कविता सुनने से भी जिन्हें कुछ भी आनंद नहीं प्राप्त होता उन्हें असाध्य समझना चाहिए । उनका हृदय पत्थर के समान कड़ा हो जाता है, उसकी कोमलता बिल्कुल ही जाती रहती है ।

(iv) क्रोध शांति भंग करने वाला मनोविकार है। एक का क्रोध दूसरे में भी क्रोध का संचार करता है । जिसके प्रति क्रोध प्रदर्शन होता है वह तत्काल अपमान का अनुभव करता है और इस दुःख पर उसकी भी त्योरी चढ़ जाती है । यह विचार करने वाला बहुत थोड़े निकलते हैं कि हम पर जो क्रोध प्रकट किया जा रहा है, वह उचित है या अनुचित ।

(v) शादी एक गहरी समस्या है, आप उसके साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते हैं । मैं पूछता हूं, आप फैक्ट्री में तो हर जगह का विज्ञान, कानून, विशिष्ट ज्ञान लगाते हैं, फिर क्या कारण है कि जीवन को ऐसे परमात्मा के भरोसे छोड़ दिया जाये कि उसमें आदमी की सस्ती से सस्ती और निकम्मी से निकम्मी शक्तियां ही सिर्फ काम में लाई जाए।

(vi) खूब जानते हैं हमारी पोजीशन । जिस दिन तुमने मुझे यहां ला बसा दिया, उसी वक्त हमारी पोजीशन जाहिर हो गई । सारी आदतें बच्चों की खराब हो गई। गंदगी–पसंद हो गए बच्चे । पढ़ने लिखने से जी चुराने लगे । आज यहां कोई हमसे मिलने आए तो वह इन बच्चों को पहचान नहीं सकता कि ये वही बच्चे है।

(ख) निम्नलिखित दीर्घउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक दीजिये – (कोई तीन)

8x3=24

(i) 'ध्रुव स्वामिनी' नाटक की नायिका का चरित्र चित्रण कीजिये।

(ii) नाटक तत्वों के आधार पर 'लहरों के राजहंस' नाटक की समीक्षा कीजिये।

(iii) 'औरंगजेब की आखरी रात' एकांकी के शिल्पगत वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालिए।

(iv) स्ट्राईक एकांकी की तात्विक समीक्षा प्रस्तुत कीजिये।

(v) 'बसंत आ गया' निबंध का सारांश लिखिए।

(vi) ''उस अमराई ने राम राम कही है।'' इस निबंध में निबंधकार ने ग्रामीण मूल्यों की ओर ध्यान आकृष्ट किया है, स्पष्ट कीजिये।

——00——